अमर उजाला 13/03/2024

बांसुरी की धुन सुनाकर बंटी ने किया मंत्रमुग्ध

जीएमएन कॉलेज में बसंतनाद शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। विज्ञप्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में हरियाणा कला परिषद एवं जीएमएन कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में संगीत विभाग की ओर से संतनाद शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य कलाकार के तौर पर उमेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर (सितार वादक) छत्तीसगढ़ से, दिव्यांश ठाकुर, (तबला वादक) एवं बंटी (बांसुरी वादक) ने शिरकत की।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने हरियाणा कला परिषद की ओर से आए विकास शर्मा, संगीत विभाग से डॉ. मनजीत कौर एवं डॉ. चंद्रपाल पूनिया एवं तरणवीर सिंह ने सभी कलाकारों का स्वागत किया। इस दौरान मुख्य कलाकार उमेश कुमार ने सितार पर दिव्यांश ने तबला तथा बंटी ने बांसुरी पर चारुकेशी राग एवं राग पहाड़ी में धुन सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।

डॉ. मंजीत कौर ने कहा कि हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम द्वारा हमने संगीत क्षेत्र में शिक्षा और समृद्धि की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है, जिससे सांस्कृतिक एकता की भावना को मजबूती मिलेगी । साथ ही विद्यार्थियों में संगीत के प्रति रुचि और समर्पण में भी वृद्धि होगी।

धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. चंद्रपाल पूनिया ने प्रेषित किया । इस अवसर पर डॉ. नियति, डॉ. नेहा अग्रवाल, प्रियंका, सुषमा, नेहा एवं बड़ी संख्या में संगीत विभाग के विद्यार्थी मौजूद रहे।